| |
|---|
| दिनांक 18.09.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 482/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद सोनभद्र/थाना अनपरा**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये पीली धातु के आभूषण**
- **लूटे गये 50 हजार रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध पिस्टल मय खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 18.09.2026 को थाना अनपरा, थाना शक्तिनगर, थाना पिपरी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बेलवादह पिकनिक स्पॉट मोड़, डी–प्लांट रोड़ के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त रोशन कुमार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूटे गये पीली धातु के आभूषण, लूटे गये 50 हजार रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध पिस्टल मय खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.09.2026 को थाना विन्ध्यनगर जनपद सिंगरौली मध्यप्रदेश क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा डकैती की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना विन्ध्यनगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण, रूपया आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना अनपरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रोशन कुमार निवासी शक्तिनगर थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी**

1–लूटे गये पीली धातु के आभूषण।

2–लूटे गये 50 हजार रूपये नगद।

3–01 मोबाइल फोन।

4–01 अवैध पिस्टल मय खोखा कारतूस।

5–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

**जनपद आजमगढ़/थाना पवई**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 05 लाख 50 हजार रूपये कीमत के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **14 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 टैम्पो व 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 18.09.2026 को थाना पवई व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अम्बारी रोड पर बाघबहरा पुलिया के पास से 04 अभियुक्तों 1–मो0अब्दुल्ला 2–अम्बेश कुमार 3–आकाश कुमार 4–विकास को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 लाख 50 हजार रूपये कीमत के सोने–चाँदी के आभूषण, 14 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 टैम्पो व 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.09.2026 को थाना पवई क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पवई पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर

किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त मो0अब्दुल्ला के विरूद्ध जनपद आजमगढ़, मऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 28 अभियोग, अभियुक्त आकाश कुमार के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 04 अभियोग एवं अभियुक्त अम्बेश कुमार के विरूद्ध जनपद आजमगढ़, मऊ के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, धोखाधड़ी आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना पवई पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0अब्दुल्ला निवासी सठियांव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़।

2–अम्बेश कुमार निवासी कुकुड़ीपुर सठियांव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़।

3–आकाश कुमार निवासी गजाड़ा सठियांव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़।

4–विकास निवासी ग्राम/कस्बा सरायमीर थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–लगभग 05 लाख 50 हजार रूपये कीमत के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–14 हजार रूपये नगद।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 टैम्पो व 02 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद इटावा/थाना जसवंतनगर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **500 पेटी अवैध अंगेजी शराब**
- **07 हजार रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 ट्रक बरामद**

दिनांक 17/18.09.2026 की रात्रि थाना जसवंतनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम डुढहा जाने वाली सड़क के पहले सर्विस रोड से 02 अभियुक्तों

1–हुकमाराम 2–परमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 500 पेटी अवैध अंगेजी शराब, 07 हजार रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, 01 ट्रक बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हुकमाराम निवासी ग्राम विशाला थाना ग्रामीण जनपद बाडमेर, राजस्थान।

2–परमान निवासी ग्राम विशाला थाना ग्रामीण जनपद बाडमेर, राजस्थान।

**बरामदगी**

1–500 पेटी अवैध अंगेजी शराब।

2–07 हजार रूपये नगद।

3–02 मोबाइल फोन।

4–01 ट्रक।

**जनपद प्रतापगढ़/थाना कोतवाली नगर**

- **07 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 18.09.2026 को थाना कोतवाली नगर व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर किशुनदासपुर पुल के पास से 07 अभियुक्तों 1–आदर्श कुमार 2–अमन उर्फ निरहुआ 3–अंशुल कुमार 4–अनमोल 5–मो0 याकूब 6–रामगुलाम 7–राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आदर्श कुमार निवासी जनुवाडीह थाना फूलपुर, प्रयागराज।

2–अमन उर्फ निरहुआ निवासी गोरियो थाना फूलपुर, प्रयागराज।

3–अंशुल कुमार निवासी चकिया धम्हौर थाना बहरिया, प्रयागराज।

4–अनमोल निवासी चकिया धम्हौर थाना बहरिया, प्रयागराज।

5–मो0 याकूब निवासी जगदीशगढ़ थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ हालपता–सिप्टैन रोड थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

6–रामगुलाम निवासी चालाकपुर बाद फरोसान थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ हालपता–सिप्टैन रोड थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

7–राजेश कुमार निवासी मनैतापुर (बलुआमऊ) थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी की 08 मोटर साइकिल।

## जनपद सहारनपुर/थाना बिहारीगढ़

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 18.09.2026 को थाना बिहारीगढ़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिहारीगढ़ से आगे अमानतगढ़ की ओर सड़क के किनारे हाईवे की खण्डहर पड़ी बिल्डिंग से 04 अभियुक्तों 1–गुलाम 2–सागर 3–शाकिर 4–साहिल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध जनपद सहारनपुर व हरिद्वार के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 08–08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गुलाम निवासी ग्राम कालूवाला पहाडीपुर उर्फ जहानपुर थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर।

2–सागर निवासी ग्राम भाकरोड थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

3–शाकिर निवासी ग्राम चाण्डी भाकरोड थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

4–साहिल निवासी ग्राम माझीपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 08 मोटर साइकिल।

- **<u>जनपद बागपत/थाना रमाला (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 44 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बागपत पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बागपत द्वारा थाना रमाला पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/504 भादवि व 30 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त पवन कुमार को आजीवन कारावास व 44 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————